फ़्लूकोनाज़ोल (FLUCONAZOLE)

- इसे डिफ़्लूकैन® के नाम से जाना जाता है
- यह दवा 50 मिग्रा, 100 मिग्रा, 150 मिग्रा, 200 मिग्रा में खाने वाली गोली या पीने वाली दवा या नस में लगाए जाने वाले टीके के रूप में उपलब्ध है।
- इस दवा के लिए BC ट्रांसप्लांट द्वारा फ़ंड नहीं दिए जाते और इसे अपनी पसंद की फार्मेसी से ख़रीदा जा सकता है।

यह दवा कैसी दिखती है*?(What does the medication look like*?)

इस दवा के लिए कई ब्रांड हैं और हो सकता है कि आपको नीचे दिखाए गए ब्रांड जैसा अपना ब्रांड न मिले। यदि आपके कोई प्रश्न हैं, तो कृपया अपने ट्रांस्प्लांट फार्मासिस्ट से पता लगाएं।

फ़्लूकोनाज़ोल 50 मिग्रा गोली	फ़्लूकोनाज़ोल 100 मिग्रा गोली	फ़्लूकोनाज़ोल 150 मिग्रा गोली

यह दवा किस बीमारी के लिए है? (What is this medication for?)

फ़्लूकोनाज़ोल फफूंद-रोधी दवा है, जिसका उपयोग फफूंद के कुछ जीवाणुओं के इलाज के लिए किया जाता है।

मुझे यह दवा कैसे लेनी चाहिए? (How should I take this medication?)

यह दवा **दिन में एक बार** लें (उदाहरण के लिए सुबह 9 बजे)	आपकी दवा के समय: _____

- यह दवा भोजन के साथ या बिना भोजन के ली जा सकती है।
- यह दवा दिन में किसी भी समय ली जा सकती है और अपनी किसी भी अन्य दवा के तौर पर उसी समय ली जा सकती है।
- **यदि आप अपने अन्य स्वास्थ्य सेवा-प्रदाताओं से यह दवा लिखवाते हैं, तो ट्रांस्प्लांट टीम को बताएं। यह दवा आपकी एंटी-रिजैक्शन दवाओं के साथ घुल-मिल जाएगी।**

छूटी हुई ख़ुराक या उल्टी द्वारा निकली ख़ुराक (Missed Dose or Vomited Dose):

यदि आपसे ख़ुराक छूट गई है, जैसे ही आपको याद आए, अपनी दवा लें और फिर अपनी अगली ख़ुराक नियमित तौर पर निर्धारित समय पर लें। यदि आपकी अगली ख़ुराक लेने में बहुत अधिक समय नहीं बचा है, तो अपनी छूटी हुई ख़ुराक न लें और अपने नियमित समय पर ख़ुराक लेना जारी रखें। दोगुनी या अतिरिक्त ख़ुराक न लें।

यदि ख़ुराक लेने के 30 मिनट के भीतर आपको **उल्टी** हो जाती है या यदि आप देखते हैं कि कोई दवा बाहर निकली है, तो ख़ुराक दोबारा लें। नहीं तो, बस अपने अगले निर्धारित ख़ुराक लें।

इस दवा के कुछ संभावित दुष्प्रभाव क्या हैं? (What are some possible side effects of this medication?)

दुष्प्रभाव	प्रबंधन
पेट में गड़बड़ी, मतली	भोजन या दूध के साथ लें।
दस्त	ठीक हो सकते हैं, लेकिन यदि लक्षण बने रहते हैं, तो अपने डॉक्टर को बताएं।
सिरदर्द	ठीक हो सकता है; आपका डॉक्टर काउंटर से दर्द-निवारक दवा लेने की सलाह दे सकता है।
लिवर का आसामान्य कार्य	यदि आपको निम्नलिखित में से कोई भी महसूस होता है, तो फ़ौरन अपने डॉक्टर को बताएं: त्वचा या आंखों में पीलापन, पेट या उदर-दर्द, गहरे भूरे रंग का पेशाब या पीली मल।